## विश्व की परिवहन व्यवस्था

1. विश्व में सबसे अधिक सड़कों का विस्तृत जाल किस देश में पाया जाता है ?
(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका
(ब) रूस
(स) कनाडा
(द) भारत
उत्तर : (अ)
2. भारतीय सड़क प्रणाली का विश्व में कौन–सा स्थान है ?
(अ) दूसरा (ब) तीसरा
(स) चौथा (द) छठा
उत्तर : (अ)
3. विश्व में सड़क मार्ग की लम्बाई की दृष्टि से प्रथम तीन देशों का अवरोही क्रम है–
(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राजील, भारत
(ब) संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, ब्राजील
(स) संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, भारत
(द) संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, भारत
उत्तर : (ब)
4. विश्व के किस देश में प्रथम रेलमार्ग का निर्माण हुआ ?
(अ) ब्रिटेन (ब) संयुक्त राज्य अमेरिका
(स) जर्मनी (द) भारत
उत्तर : (अ)
5. विष्व में सबसे पहले रेलमार्ग कहाँ बनाया गया ?
(अ) लन्दन और न्यू कैसिल के मध्य
(ब) न्यूयार्क और वाशिंगटन डी.सी. के मध्य
(स) लेनिनग्राड और मास्को के मध्य
(द) उत्तरी पूर्वी इंग्लैंड में कोयला खानों और न्यू कैसिल के मध्य
उत्तर : (द)
6. एशिया के किस देश में सर्वाधिक लम्बी रेलमार्ग है ?
(अ) रूस (ब) जापान
(स) चीन (द) भारत
उत्तर : (स)
7. संसार में रेलों का सबसे बड़ा जाल वाला देश है–
(अ) रूस (ब) यू.एस.ए.
(स) चीन (द) भारत
उत्तर : (ब) SSC 2011
8. विश्व में प्रथम रेलगाड़ी कब चली ?
(अ) 1825 ई. (ब) 1834 ई.
(स) 1853 ई. (द) 1854 ई.
उत्तर : (अ)
9. विश्व में प्रथम रेलगाड़ी किसके मध्य चली ?
(अ) स्टॉकटन से डार्लिंगटन तक
(ब) लेनिनग्राड से ब्लाडीवोस्टक तक
(स) हैलीफैक्स से बैंकूवर तक
(द) बंदरबोरी से थाणे तक
उत्तर : (अ)
10. विश्व की सबसे लम्बी महाद्वीपीय रेलवे कौनसी है ?
(अ) ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग
(ब) ट्रांस अटलांटिक रेलवे
(स) कैनेडियन पैसेफिक रेलमार्ग
(द) कनाडियन नेशनल रेलवे
उत्तर : (अ) SSC 2015
11. ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग कहाँ से कहाँ तक जाती है ?
(अ) लेनिनग्राड से मास्को तक
(ब) लेनिनग्राड से चिलियाबिन्स्क तक
(स) लेनिनग्राड से इर्कुटस्क तक
(द) लेनिनग्राड से ब्लाडीवोस्टक तक
उत्तर : (द)
12. विश्व का सबसे व्यस्त समुद्री रास्ता कौनसा है ?
(अ) प्रशांत महासागर
(ब) उत्तरी अटलांटिक महासागर
(स) दक्षिणी अटलांटिक महासागर
(द) हिन्द महासागर
उत्तर : (ब) MPPSC 2009
13. संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्वी तटीय भाग तथा पश्चिमी यूरोप के मध्य कौनसा सामुद्रिक जलमार्ग सम्पर्क स्थापित कराता है ?
(अ) उत्तरी अटलांटिक सामुद्रिक जलमार्ग
(ब) दक्षिणी अटलांटिक सामुद्रिक जलमार्ग
(स) उत्तरी प्रशांत महासागरीय जलमार्ग
(द) दक्षिणी प्रशांत महासागरीय जलमार्ग
उत्तर : (अ)
14. द ग्रेट ओशन ट्रेड मार्ग किस महासागर से होकर गुजरता है ?
(अ) हिन्द महासागर
(ब) दक्षिणी अटलांटिक महासागर
(स) उत्तरी अटलांटिक महासागर
(द) उत्तरी प्रशांत महासागर
उत्तर : (स)
15. कौनसी झील स्वेज नहर जलमार्ग के मार्ग में नहीं पड़ती है ?
(अ) गाटुन झील (ब) तिम्सा झील
(स) मंजाला झील (द) ग्रेट बिटर झील
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

16. स्वेज नहर निर्माण के पूर्व निम्न में से कौन एक बहुत महत्वपूर्ण सामुद्रिक जलमार्ग था ?
(अ) उत्तरी प्रशांत महासागरीय जलमार्ग
(ब) दक्षिणी प्रशांत महासागरीय जलमार्ग
(स) केप सामुद्रिक जलमार्ग
(द) दक्षिणी अटलांटिक सामुद्रिक जलमार्ग
उत्तर : (स)

17. स्वेज नहर जलमार्ग के दोनों सिरों पर स्थित पत्तन युग्म है–
(अ) काहिरा तथा अलेक्जेंड्रिया
(ब) स्वेज तथा काहिरा
(स) काहिरा तथा पोर्ट सईद
(द) पोर्ट सईद तथा स्वेज
उत्तर : (द)

18. स्वेज नहर जलमार्ग के अंतर्गत जलयानों को पार करने में कितना समय लगता है ?
(अ) 11 घंटे (ब) 15 घंटे
(स) 21 घंटे (द) 24 घंटे
उत्तर : (ब)

19. स्वेज नहर जलमार्ग के निर्माण के पश्चात् किस जलमार्ग का महत्व कम हो गया ?
(अ) उत्तरी अटलांटिक सामुद्रिक जलमार्ग
(ब) दक्षिणी अटलांटिक सामुद्रिक जलमार्ग
(स) उत्तरी प्रशांत महासागरीय जलमार्ग
(द) केप सामुद्रिक जलमार्ग
उत्तर : (द)

20. स्वेज नहर जलमार्ग के संबंध में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है ?
(अ) यह जलमार्ग 1869 ई. में बनकर तैयार हुआ
(ब) इसके उत्तरी प्रवेश द्वार पर पोर्ट सईद पत्तन स्थित है
(स) यह नहर भूमध्य सागर को फारस की खाड़ी से जोड़ती है
(द) इस नहर जलमार्ग का 1956 में मिस्र द्वारा राष्ट्रीयकरण किया गया
उत्तर : (स)

21. स्वेज नहर जलमार्ग के संबंध में कौनसा कथन असत्य है ?
(अ) इस जलमार्ग का निर्माण कार्य 1869 ई. में पूरा हुआ
(ब) मिस्र द्वारा 1956 ई. में इसका राष्ट्रीयकरण किया गया
(स) इस जलमार्ग की कुल लम्बाई 65 किमी. है
(द) गहराई कम होने के कारण इसमें जहाज तीव्र गति से नहीं चल सकते हैं
उत्तर : (स)

22. स्वेज नहर के बनने से समुद्री जहाजों को केप ऑफ गुड हॉप का चक्कर नहीं लगाने से समय एवं दूरी की बहुत बचत हुई है। निम्नलिखित में से किस मार्ग में समय एवं दूरी की बचत अधिकतम हुई है ?
(अ) लन्दन से हांगकांग (ब) मुम्बई से लन्दन
(स) वेलिंगटन से लन्दन (द) लन्दन से पेनांग
उत्तर : (ब)

23. संसार की सबसे बड़ी पोतवाहक नहर है–
(अ) कील नहर (ब) पनामा नहर
(स) सू नहर (द) स्वेज नहर
उत्तर : (द) UPPCS 2000

24. संसार की सबसे महत्वपूर्ण जहाजी नहर है–
(अ) कील नहर (ब) पनामा नहर
(स) सू नहर (द) स्वेज नहर
उत्तर : (द) UPPCS 1995

25. पनामा नहर जलमार्ग व्यापार की दृष्टि से स्वेज नहर जलमार्ग की तुलना में कम महत्वपूर्ण है क्योंकि–
(अ) पनामा नहर लम्बाई में छोटी है
(ब) पनामा नहर समतल भूमि पर नहीं है
(स) घने आबाद देशों का व्यापार पनामा नहर जलमार्ग के द्वारा नहीं होता है
(द) पनामा नहर में जलपाश बने हुए हैं
उत्तर : (स)

26. वर्तमान में पनामा नहर पर किस देश का नियंत्रण है ?
(अ) पनामा (ब) संयुक्त राज्य अमेरिका
(स) कोस्टारिका (द) ग्रेट ब्रिटेन
उत्तर : (अ)

27. निम्नलिखित में से कौनसा कथन पनामा नहर जलमार्ग के संबंध में असत्य है ?
(अ) यह नहर जलमार्ग अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ती है
(ब) यह नहर जलमार्ग 1914 ई. में बनकर तैयार हुई
(स) इस नहर जलमार्ग में तीन लॉक है
(द) इस नहर जलमार्ग की लम्बाई 115 किमी. है
उत्तर : (द)

28. निम्न में से कौन मानवकृत नहर जलमार्ग है ?
(अ) स्वेज नहर जलमार्ग
(ब) पनामा नहर जलमार्ग
(स) उपर्युक्त दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

29. निम्नलिखित में कौनसी जल परिवहन नहर उत्तरी सागर को बाल्टिक सागर से जोड़ती है ?
(अ) कील नहर (ब) स्वेज नहर
(स) पनामा नहर (द) वोल्गा सागर
उत्तर : (अ)

30. आंतरिक जल यातायात हेतु सबसे उपयुक्त एवं महत्वपूर्ण नदी है–
(अ) मिसीसिपी (ब) कांगो
(स) राइन (द) नील
उत्तर : (स)

31. एशिया महाद्वीप के उत्तरी भाग में प्रवाहित होने वाली नदियाँ नौ परिवहन के लिए उपयुक्त नहीं है। इसका करण यह है कि–
(अ) ये नदियाँ जलप्रपात एंवं क्षिप्रिका का निर्माण करती है
(ब) इन नदियों में अक्सर बाड़ आती रहती है
(स) अपने निम्न भाग में ये नदियाँ अधिकांश समय जम जाती है
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (स)

32. विश्व का सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण अंतःस्थलीय जलमार्ग कौनसा है ?
(अ) भारत का गंगा नदी मार्ग
(ब) उत्तरी अमेरिका का महान झील मार्ग
(स) यूरोप का राइन नदी मार्ग
(द) भारत का ब्रह्मपुत्र नदी मार्ग
उत्तर : (ब)

33. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में आंतरिक जलमार्ग का सर्वाधिक विकास हुआ है ?
(अ) उत्तर अमेरिका (ब) दक्षिण अमेरिका
(स) यूरोप (द) एशिया
उत्तर : (स)

34. मुम्बई से कहाँ जाने के लिए स्वेज नहर जलमार्ग से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा ?
(अ) अलेक्जेंड्रिया (ब) स्वेज
(स) पोर्ट सईद (द) बेनगाजी
उत्तर : (ब) IAS 1997

35. आन्त्रेपो पत्तन का उदाहरण है–
(अ) सिंगापुर (ब) रॉटरडम
(स) कोपेनहेगन (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (स)

36. फारस की खाड़ी पर स्थित अबादान किस प्रकार का पत्तन है ?
(अ) नेवी पत्तन (ब) फैरी पोर्ट
(स) परिष्करणशाला पत्तन (द) वाणिज्यिक पत्तन
उत्तर : (स)

37. विश्व की सबसे लम्बी गैस पाइपलाईन है–
(अ) ट्रांस कनाडा गैस पाइपलाइन
(ब) बिग इंच पाइपलाइन
(स) एच.बी.जे. गैस पाइपलाइन
(द) कॉमेकेन गैस पाइपलाइन
उत्तर : (अ)

38. निम्नलिखित में से किस देश की पाइपलाइन की लम्बाई वहाँ के रेलमार्गों की कुल लम्बाई से भी अधिक है ?
(अ) रूस (ब) संयुक्त राज्य अमेरिका
(स) सऊदी अरब (द) भारत
उत्तर : (ब)

39. निम्नलिखित में से कौन 'पोर्ट ऑफ कॉल' का उदाहरण नहीं है ?
(अ) अदन (ब) सिंगापुर
(स) अबादान (द) होनोलूलू
उत्तर : (स)

40. विश्व का सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण अंतःस्थलीय जलमार्ग कौनसा है ?
(अ) भारत का गंगा नदी मार्ग
(ब) उत्तरी अमेरिका का महान झील मार्ग
(स) यूरोप का राइन नदी मार्ग
(द) भारत का ब्रह्मपुत्र नदी मार्ग
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com